वर्ष- 2 , अंक-356
छपरा
15 नवंबर शनिवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# जीता महिलाओं का विश्वास , एक बार फिर एनडीए सरकार

● मोदी बोले-सुशासन की जीत,तेजप्रताप और पवन सिंह की पत्नी हारी ● तेजस्वी ने जैसे-तैसे बचाई सीट

**दरभंगा जिले में एनडीए का क्लीन स्वीप:अलीनगर से मैथिली ठाकुर जीतीं; नगर सीट से मंत्री संजय सरावगी और जाले से जीवेश कुमार जीते**



**पटना (एजेंसी)।** बिहार चुनाव के नतीजे लगभग साफ हो गए हैं। 243 सीटों के परिणाम में एनडीए ने क्लीन स्वीप कर लिया है। बिहार के मतदाताओं ने अबकी एनडीए को रिकॉर्ड जीत दी है। एनडीए को 2020 के मुकाबले 65 से ज्यादा सीटों का फायदा हो रहा है, वहीं महागठबंधन को लगभग इतनी ही सीटों का नुकसान हो रहा है। पिछली बार 43 सीटों पर सिमटी जेडीयू इस बार 75+ पहुंच गई है। यानी नीतिश कुमार 10वीं बार सीएम पद की शपथ ले सकते हैं। वहीं 96 सीटों पर बढ़त के साथ बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। महागठबंधन में राजद 24 सीटों पर लीड लिए हुए है, जबकि 61 सीटों पर लड़ रही कांग्रेस सिर्फ 1 सीटों पर सिमट गई है। 243 सीटों पर लड़ रही प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज का खाता खुलता नहीं दिख रहा है। मुकेश सहनी की पार्टी का भी फिलहाल खाता नहीं खुला है। बड़े चेहरों की बात करें तो राघोपुर से तेजस्वी यादव पीछे चल रहे हैं। उनके बड़े भाई तेजप्रताप भी महुआ से पीछे चल रहे हैं। सम्राट चौधरी तारापुर से लीड कर रहे हैं। पवन सिंह की पत्नी काराकाट से लगातार पीछे चल रही हैं।



## सीएम नीतीश कुमार बोले- बिहार की जनता का धन्यवाद

NDA की जीत के बाद नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा कि बिहार विधान सभा चुनाव-2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। इसके लिए राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को उनसे मिले सहयोग के लिए उनका नमन करते हुए हृदय से आभार एवं धन्यवाद। एनडीए गठबंधन ने इस चुनाव में पूरी एकजुटता दिखाते हुए भारी बहुमत हासिल किया है। इस भारी जीत के लिए एनडीए गठबंधन के सभी साथियों का भी आभार। आप सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा तथा बिहार देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

## नीतीश सरकार के 21 मंत्रियों ने दर्ज की जीत, जानें लिस्ट में कौन से नेता शामिल

एनडीए को मिली इस जीत में कम से कम 21 मंत्रियों ने जीत दर्ज की है। इनमें प्रेम कुमार, महेश्वर हजारी और संजय सरावगी और अन्य मंत्री शामिल हैं। नीतीश कुमार की सरकार में कृषि मंत्री रहे भाजपा नेता प्रेम कुमार ने गया शहर पर 1990 से लगातार जीत के अपने रिकॉर्ड को कायम रखा है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अखौरी ओंकार नाथ को 26 हजार वोटों से शिकस्त दी। तारापुर से पहली बार चुनाव लड़ रहे बिहार उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। राजद के प्रत्याशी अरुण कुमार पर सम्राट चौधरी ने 45 हजार से ज्यादा वोटों की बढ़त बना रखी है।

## बाहुबलियों की सीट

## जेल से जीते अनंत



**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं। सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू हो गई थी। मोकामा से जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह और कुचायकोट से जदयू प्रत्याशी अमरेंद्र पांडे रिकॉर्ड वोट से जीत गए हैं। दानापुर से लगातार आगे चल रहे बाहुबली रीतलाल चुनाव हार गए हैं। बीजेपी के कैंडीडेट रामकृपाल यादव ने जीत हासिल की है। वहीं तरारी से बीजेपी कैंडीडेट विशाल प्रशांत और रघुनाथपुर से ओसामा जीत गए हैं। लालगंज से राजद प्रत्याशी शिवानी शुक्ला पीछे रहीं। वहीं, ब्रह्मपुर से लोजपा (आर) प्रत्याशी हुलास पांडे आगे हैं। सबसे दिलचस्प मुकाबला मोकामा में रहा। यहां अनंत सिंह का मुकाबला सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी से था।

**बिहार जीत की बधाई के लिए अखिलेश को भेजेंगे 11 किलो लड्डू-** बिहार चुनाव 2025 के रुझानों ने अब नतीजों की तस्वीर साफ कर दी है। एनडीए बिहार में सरकार बनाने जा रही है। इस चुनाव में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आ रही है। बिहार चुनाव में बीजेपी सह प्रभारी की भूमिका निभाने वाले यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हम 2010 के नतीजों को दोहराने जा रहे हैं। इस जीत का श्रेय पीएम मोदी, नीतिश कुमार और बिहार की जनता को जाता है, क्योंकि एनडीए का चुनाव जनता ने लड़ा था। केशव प्रसाद मौर्य ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को 11 किलो लड्डू भेजने की बात कही है।

## एनडीए की बंपर जीत पर अमित शाह बोले- राहुल गांधी के नेतृत्व में आखिरी पायदान पर पहुंची कांग्रेस



**नई दिल्ली,एजेंसी** बिहार चुनाव के नतीजों पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, बिहार की जनता ने पूरे देश का मूड बता दिया है कि मतदाता सूची शुद्धिकरण अनिवार्य है और इसके खिलाफ राजनीति की कोई जगह नहीं है। इसीलिए राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस आज बिहार में आखिरी पायदान पर आ गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकसित बिहार में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत है। उन्होंने कहा कि जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले किसी भी भेष में आएं, उन्हें लूटने का मौका नहीं मिलेगा।

## थरूर बोले- कांग्रेस पहले से ज्यादा वामपंथी रुख अपना रही



### ये एक रणनीतिक कदम हो सकता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पार्टी पिछले कुछ सालों में पहले से ज्यादा वामपंथी रुख अपनाने लगी है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव BJP की विभाजनकारी राजनीति का जवाब देने के लिए एक तरह की रणनीतिक कदम माना जा सकता है।थरूर हैदराबाद में गुरुवार को आयोजित ज्योति कोमिरेड्डी मेमोरियल लेक्चर में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि मनमोहन सिंह के दौर में कांग्रेस का झुकाव ज्यादा सेंटर में था और वह कई नीतियां पिछली BJP सरकार से भी लेती थी।

## 150 की स्पीड से खाई में गिरी कार...5 मौत



**रतलाम,एजेंसी।** रतलाम में एक कार बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। इनमें 15 साल का बच्चा और 60 साल के बुजुर्ग शामिल हैं। हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।


एक्सीडेंट रतलाम जिले के रावटी थाना अंतर्गत भीमपुरा गांव के पास माही नदी ब्रिज के पहले हुआ। सुबह करीब साढ़े 7 बजे रू03 श्वरु 1388 रजिस्ट्रेशन नंबर की महिंद्रा XUV 700 दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रेलिंग तोड़कर नीचे जा गिरी।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट, एक जवान घायल

**बीजापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट हो गया। इस विस्फोट की चपेट में आने से एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया। घटना की आधिकारिक पुष्टि बीजापुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्णा ने की है। घायल जवान को तुरंत रायपुर रेफर किया गया है। अभी इलाके में मुठभेड़ इलाके में चल रही है और सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने आज बताया कि सुरक्षा बलों की टीम सुबह एरिया डॉमिनेशन के लिए रवाना हुई थी। टीम जब जंगल के अंदरूनी हिस्से से गुजर रही थी, तभी माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी पर एक जवान का पैर पड़ गया और जोरदार विस्फोट हुआ।

## दिल्ली ब्लास्ट: नूंह से एमबीबीएस छात्र-डॉक्टर हिरासत में

● **अलफलाह यूनिवर्सिटी में इंटर्नशिप कर रहा; स्टूडेंट की आतंकियों से बातचीत का दावा**



**फरीदाबाद/नूंह,एजेंसी।** दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके के बाद पुलिस और जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में डेरा जमाया हुआ है। आज एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ED) के आने की भी उम्मीद है। इसी बीच नूंह से एक डॉक्टर और एक MBBS छात्र को जांच एजेंसियों ने हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टर नूंह जिले के सुनहेड़ा गांव का रहने वाला मुस्तकीम है, जबकि छात्र फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के अहमदवास गांव का मोहम्मद है। मुस्तकीम ने चीन से MBBS का कोर्स किया था। अब वह अल फलाह यूनिवर्सिटी से एक साल की इंटर्नशिप कर रहा था। मुस्तकीम के चाचा ने बताया कि 2 नवंबर को उसकी इंटर्नशिप पूरी हो गई थी और वह वहां से घर आ गया था। 9 नवंबर को वह दिल्ली एम्स में नौकरी के लिए टेस्ट देकर आया था। इसके दूसरे दिन दिल्ली में ब्लास्ट हो गया।

### पुलवामा में आतंकी उमर नबी के घर को आईईडीसे उड़ाया



**श्रीनगर।** देश की राजधानी दिल्ली के लाल किले के पास हुई कार बम विस्फोट की घटना में सुरक्षा एजेंसियों ने कठोर कदम उठाया है। मुख्य आरोपी आतंकी डॉ. उमर नबी के पुलवामा स्थित आवास को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। दिल्ली विस्फोट में शामिल विस्फोटकों से लदी कार चलाने वाले आतंकी डॉ.उमर नबी का घर जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि को यह कार्रवाई की गई। सोमवार रात लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में 12 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। उमर हुंडई i20 कार चला रहा था, जो विस्फोटकों से लदी थी।

### कर्नाटक में गन्ना किसानों का आंदोलन हिंसक हुआ

# 100 से ज्यादा ट्रैक्टर में आग लगाई; किसानों की मांग 3300 टन का भाव नहीं चाहिए



**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक के बागलकोट में गन्ना कीमत में इजाफे की मांग कर रहे किसानों का आंदोलन हिंसक हुआ। रबकवी-बनहट्टी तालुक में गोदावरी शुगर फैक्ट्री में गन्ना लदे 100 से ट्रैक्टरों को आग लगाई गई। SP सिद्धार्थ गोयल ने बताया किसानों ने पत्थरबाजी भी की, जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई है। कुछ लोग भी घायल हुए हैं। खुद ने हालात काबू किए।।

किसान राज्य की चीनी मिलों से गन्ना की 3500 टन कीमत मांग रहे हैं। जबकि चीनी मिलों के मालिकों ने 3300 टन का भाव दिया है, लेकिन किसान इस कीमत को स्वीकार करने को राजी नहीं हैं। राज्य के कई जिलों में 7 नवंबर से गन्ना किसान बढ़ी हुई कीमत को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

**आग किसानों ने नहीं लगाई- किसान नेता :** किसान नेता सुभाष शिराबुर ने कहा कि आग किसानों ने नहीं लगाई। उनके मुताबिक,फैक्ट्री से जुड़े लोग पुलिस के सामने ही आगजनी कर रहे थे। हमारे लोग और कुछ पुलिसवाले भी घायल हुए हैं। पुलिस की गाड़ी पर भी हमला हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को बदनाम करने के लिए फैक्ट्री के अंदर आग लगाई गई।

**तीन तालुकों में BNS की धारा 163 लागू :** घटना के बाद बागलकोट के उपायुक्त ने ब्रह्स्स-2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर दिए। इसके तहत 13 नवंबर रात 8 बजे से 16 नवंबर सुबह 8 बजे तक जमखांडी, मुधोल और रबकवी-बनहट्टी तालुकों में प्रदर्शन, हड़ताल और किसी भी तरह की भीड़ जुटाने पर पाबंदी लगा दी गई है।

## कौमी इंसाफ मोर्चा का दिल्ली कूच,हरियाणा पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर बैरिकेड लगाए, राजपुरा-अंबाला हाईवे बंद



**करनाल,एजेंसी।** सिख बंदियों की रिहाई के लिए कौमी इंसाफ मोर्चा पंजाब और विभिन्न किसान यूनियन आज शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। कौमी इंसाफ मोर्चा और किसान यूनियन के सदस्य शंभू बॉर्डर पर एकत्रित होने लगे है। दोपहर तक बड़ी संख्या में मोर्चा और किसान संगठन से जुड़े लोग बॉर्डर पर पहुंच गए थे। इसके बाद यहां से दिल्ली के लिए रवाना होंगे किसान यूनियन के नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कौमी इंसाफ मोर्चा ने दिल्ली तक मार्च करना है। किसान संगठनों ने इस मार्च को समर्थन देने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार शंभू बॉर्डर से मार्च दिल्ली के लिए रवाना होगा। उधर, क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष डॉ दर्शन पाल सिंह ने बताया कि हमारी तीन मांगे है, जिनमें सिख बंदियों की रिहाई, धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी पर सख्त कानून बने और तीसरा सोनम वांगचुक जैसे राजनीतिक बंदियों की तुरंत रिहाई हो। उन्होंने बताया कि सरकार से दो बजे वार्ता का समय मिला है। इसमें 9 लोगों की कमेटी को भेजा गया गया है। सभी मांगे रखी जाएगी। इसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। उधर, किसानों के ऐलान के बाद पंजाब और हरियाणा पुलिस कई व्यवस्थाएं की है। पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्जन प्लान कल 13 नवंबर को ही लागू कर दिया था। आज 14 नवंबर (शुक्रवार) की सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक राजपुरा-अंबाला हाईवे ट्रैफिक की आवाजाही बंद कर दी गई है।



# उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड: हिमाचल और कश्मीर में जमने लगी धरती

**शिमला/श्रीनगर/जयपुर/कोलकाता,एजेंसी।** उत्तर भारत के कई राज्यों में सर्दी ने रफ्तार पकड़ ली है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है, जबकि राजस्थान और पश्चिम बंगाल में तापमान सामान्य से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट की चेतावनी दी है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की भी संभावना बनी हुई है, जबकि मैदानी इलाकों में सुबह-शाम ठंडक बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार नवंबर के मध्य से दिसंबर के आरंभ तक उत्तर भारत में शीतलहर की स्थिति और तीव्र हो सकती है।

हिमाचल प्रदेश में ठंड ने पहाड़ों और घाटियों दोनों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। लाहौल-स्पीति के ताबो में इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज

### राजस्थान-बंगाल में भी पारा सामान्य से नीचे

हुई, जहां तापमान माइनस 7.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। कीलोंग में न्यूनतम तापमान माइनस 3.3 डिग्री, कुकुमसेरी में माइनस 3.1 डिग्री और कल्पा में माइनस 0.4 डिग्री रहा। ऊंचाई वाले इलाकों में पानी की पाइपें जम गई हैं और सुबह के समय बर्फीली हवाओं से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी पारा सामान्य से दो से पांच डिग्री नीचे रहा। शिमला और धर्मशाला में न्यूनतम तापमान क्रमशः 8.2 और 8 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, एक अक्तूबर से 13 नवंबर के बीच प्रदेश में सामान्य से 113 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

**श्रीनगर में माइनस 2.1 डिग्री :** श्रीनगर में इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही, जहां पारा माइनस 2.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। यह सामान्य से तीन डिग्री कम है। लगभग सभी इलाकों में रात का तापमान शून्य से नीचे रहा। पहलगाम में न्यूनतम तापमान माइनस 3.8 डिग्री और गुलमर्ग में माइनस 0.5 डिग्री दर्ज किया गया। काजीकुंड में पारा माइनस 1.5 डिग्री और उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा में माइनस 2.2 डिग्री तक गिर गया। केवल दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग में तापमान 1.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने 15 नवंबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है, हालांकि 16 नवंबर को ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी या बारिश की संभावना है।

**राजस्थान में ठंडी हवाओं ने बढ़ाई सर्दी, मौसम रहेगा शुष्क :** राजस्थान में फिलहाल बारिश नहीं हो रही, लेकिन ठंडी हवाओं ने सर्दी का अहसास बढ़ा दिया है। बीते 24 घंटे में अधिकांश इलाकों में न्यूनतम तापमान 7 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सीकर जिले के फतेहपुर में पारा 7 डिग्री तक पहुंच गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री कम है और आने वाले हफ्ते भर मौसम शुष्क रहेगा। न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट की संभावना जताई गई है।

### बंगाल में भी गिरा तापमान दार्जिलिंग सबसे दिन ठंडा



पश्चिम बंगाल में भी तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि अगले पांच दिनों तक राज्य के विभिन्न जिलों में रात का तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री नीचे रहेगा। बारिश या घने कोहरे की संभावना नहीं है। दार्जिलिंग में बृहस्पतिवार को सबसे कम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कोलकाता में पारा 17.1 डिग्री तक गिर गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। बीरभूम जिले के श्रीनिकेतन में तापमान 13.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो मैदानी इलाकों में सबसे कम रहा।

# जुआ खेलने से मना करने पर 3 को मारी गोली:एक को सीने में लगी बुलेट, घायल का भाई बोला; बदमाशों ने 40 राउंड की फायरिंग

**फतुहा, पटना,एजेंसी।** पटना में बुधवार की रात जुआ खेलने से मना करने पर बदमाशों ने 3 युवकों को गोली मार दी। फायरिंग में तीनों घायल हो गए हैं। जिन्हें नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) ले जाया गया। जहां उनका अभी इलाज चल रहा है। घायलों में साहुल कुमार, विकास कुमार और अंकित कुमार शामिल हैं। साहुल और विकास के पैर में बुलेट लगी है, जबकि अंकित के सीने में गोली लगी है। इस कारण अंकित की स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है। घायल के भाई साहुल ने कहा कि 40 राउंड बदमाशों ने फायरिंग की है। घटना दीदारगंज थाना क्षेत्र के ज्ञानचक गांव की है।



पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया, जहां से 15 खोखे और 1 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज हुआ है। गिरफ्तारी/हिरासत में एक पक्ष से दिनेश सिंह और गोरख सिंह शामिल हैं, जबकि दूसरे पक्ष से अंकित, साहुल, विकास, और नीतीश शामिल हैं।

जेल भेजे गए व्यक्तियों में गोरख सिंह, दिनेश सिंह, और विकास शामिल हैं। बाकी तीन घायल व्यक्तियों का इलाज जारी है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**हमलोग किसी तरह बचे:** साहुल के भाई नीतीश ने कहा कि वे लोग बहुत सारे थे। ऐसा लग रहा था कि थाना को कोई डर ही नहीं है। गोली चली तो हमलोगों ने किसी तरह से छिपकर अपनी जान बचाई। अफरा-तफरी का माहौल हो गया था यहां शराब पीकर जुआ खेला जाता है। हमलोगों ने केस किया था। केस मैनेज करने के लिए हमलोगों को धमकी दी जा रही थी। वे लोग चोरी-मर्डर करते हैं।

**ग्रामीण काफी दिन से विरोध कर रहे थे:** स्थानीय लोगों के अनुसार ग्रामीण और दबंगों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। गांव में कुछ युवक नशे में जुआ खेलते थे। जिसका विरोध ग्रामीण हमेशा करते आ रहे हैं। ग्रामीणों के रोक-टोक के कारण नशेड़ी हमेशा खुन्नस में रहा करते थे।

बुधवार की रात भी कुछ बदमाश गांव में शराब पीकर जुआ खेल रहे थे। मना किया तो काफी संख्या में बदमाश पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। हाथापाई के बाद नशेड़ियों ने फायरिंग शुरू कर दी। वारदात के गोली चलाने वाले फरार हो गए।

**हमलावरों की हुई पहचान, चल रही छापेमारी:** घटना की जानकारी मिलते ही दीदारगंज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि हमलावरों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी चल रही है।

गांव में फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। घायल के परिजन ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्रामीणों और दबंगों के बीच पहले भी विवाद हो चुका है। कुछ दिन पहले गांव में जुआ और शराब का विरोध करने पर इन युवकों के साथ मारपीट हुई थी। उस मामले में थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी।

SDPO 1 अवधेश कुमार ने कहा कि रात करीब 9 बजे सूचना मिली कि पहले के विवाद में मारपीट और गोलीबारी हुई है। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। वहां कुछ खोखे मिले हैं। तीन घायलों को अस्पताल भेजा गया। दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

# साइबर अपराधियों ने शेयर में निवेश के बहाने वृद्ध से 1.93 करोड़ रुपए ठगे, केस

**पटना,एजेंसी।** साइबर अपराधियों ने शेयर में निवेश के बहाने 65 साल के बुजुर्ग से 1.93 करोड़ की ठगी कर ली। बुजुर्ग बोरिंग कैनाल रोड के एक अपार्टमेंट में रहते हैं। बुजुर्ग की दोस्ती फेसबुक पर बेंगलुरु निवासी एरीना एंटोनोवा से हुई थी। युवती ने उनसे मैसेंजर पर बात करनी शुरू की और मोबाइल नंबर तक ले लिया। इसी दौरान उसने एक कंपनी का लिंक बुजुर्ग को भेजा और निवेश करने को कहा। इसी दौरान केरल से वैष्णवी चिदंबरम और यामिनी नाम की युवतियों ने भी कॉल किया और एक लिंक भेजा। उसने भी काफी पैसा निवेश के नाम पर ले लिया। इसी तरह से उनसे 1.93 करोड़ की ठगी कर ली। बुजुर्ग के बयान पर साइबर थाने में केस दर्ज किया गया। वहीं, शेखपुरा के रहने वाले एक अस्पताल के संचालक को नोवा आईवीएफ कंपनी की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर 9.33 लाख की ठगी कर ली।



**डॉक्टर के खाते से 1.33 लाख निकाले:** साइबर अपराधियों ने डॉ. सुषमा पांडेय के पति डॉ शशिभूषण पांडेय के खाते से 1.33 लाख की निकासी कर ली। डॉक्टर कंकड़बाग पीसी कॉलोनी के रहते हैं। बिजली विभाग का अधिकारी बन कर उन्हें कॉल किया और बिजली मीटर अपडेट करने को कहा। लिंक भेज कर 15 रुपए जमा करने को कहा। डॉ पांडेय ने वैसा कर दिया और उनके खाते से 1.33 लाख रुपए निकल गए। इसी प्रकार मालसलामी के छोटी मंदिर निवासी अभिषेक कुमार के खाते से 1.60 लाख की निकासी कर ली।

**गुम हुए मोबाइल से निकाले 2.30 लाख :** कंकड़बाग पीसी कॉलोनी के रहने वाले राजेश कुमार का मोबाइल एग्जीबिशन रोड में गुम हो गया। इसके बाद उनके मोबाइल से बदमाशों ने 2.30 लाख की निकासी कर ली। उन्होंने जब नया मोबाइल और सिम लिया तो निकासी का मैसेज आया। इसके बाद उन्होंने साइबर थाने में केस दर्ज करा दिया। इधर, पैसा दोगुना करने का झांसा देकर विकास कुमार से 2.14 लाख की ठगी कर ली। वे अगमकुआं थाना इलाके मं रहते हैं। पुलिस ने वाहनों को जब्त कर जांच शुरू की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कर लिया। पुलिस चालक की

# नवादा में बाइक टक्कर से एक की मौत:तीन दोस्तों के साथ मंजहवे से आ रहा था, दूसरा युवक घायल

**नवादा,एजेंसी।** नवादा में गुरुवार को मंजहवे-गोविंदपुर एसएच 103 पर कटघरा गांव के पास दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और उनके परिजनों को भी सूचना दी गई।



**इलाज के दौरान एक बाइक चालक की मौत:** इलाज के दौरान एक बाइक चालक की मौत हो गई, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं, दूसरी बाइक का चालक मेसकौर थाना क्षेत्र के चंदाबारा निवासी महेश चौहान का बेटा आनंद उर्फ ठाकुर चौहान (30) है, जो गंभीर रूप से घायल है।

**मृतक अपने तीन दोस्तों के साथ मंजहवे से आ रहा था:** बताया जा रहा है कि मृतक अपने तीन दोस्तों के साथ मंजहवे से आ रहा था, जबकि घायल आनंद उर्फ ठाकुर चौहान अपने घर चंदाबारा जा रहा था। कटघरा गांव के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

सीतामढ़ी थानाध्यक्ष पप्पू शर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर काफी खून फैला हुआ था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों बाइकों को अपने कब्जे में ले लिया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# बाढ़ में युवक की गोली मारकर हत्या करने का आरोप:परिजन बोले-घर से बुलाकर गोली मारी; पईन में फेंका, दोस्त पर हत्या का आरोप

**बाढ़, पटना,एजेंसी।** पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र के राणाबीघा गांव के पास मोनू कुमार (23) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मोनू राणाबीघा गांव का ही निवासी था। उसे घर से बुलाकर दो गोलियां मारी गई और फिर शव को पईन में फेंक दिया गया। इस हत्या का आरोप मोनू के साथ रहने वाले जन्मेजय सिंह उर्फ बंटी सिंह पर लगा है। घटना के बाद मोनू को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**परिजन बोले- आरोपी के साथ रहता था मोनू:** मृतक के भाई जयराम कुमार ने बताया कि मोनू आरोपी के साथ रहता था। आरोपी ने उसे घर से बुलाया और गांव से थोड़ी दूर ले जाकर दो गोलियां मारीं। मोनू को एक गोली सीने में और दूसरी पेट के पास लगी थी। जयराम के अनुसार, गोली मारने के बाद आरोपी ने मोनू के शव को पास के पईन में फेंक दिया। मृतक मजदूरी का काम करता था और आरोपी के साथ उसका कोई पुराना विवाद नहीं था।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को जानकारी दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल मोनू को अनुमंडलीय अस्पताल ले गई, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।


स्थानीय निवासी साकेत सिंह ने बताया कि आरोपी जन्मेजय सिंह उर्फ बंटी सिंह हाल ही में एक और घटना को अंजाम दे चुका है। बुधवार को भी उसने गांव के पास फायरिंग की थी। मृतक मोनू आरोपी के साथ ही रहता था।

**एफएसएल टीम करेगी मामले की जांच:** एसडीपीओ-1 आनंद कुमार सिंह ने बताया कि राणाबीघा गांव के पास एक युवक को गोली लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। परिजन ने बताया कि गांव के ही जन्मेजय सिंह उर्फ बंटी सिंह ने गोली मारी है। युवक की अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एफएसएल टीम को सूचित कर दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने के बाद विस्तृत अनुसंधान किया जाएगा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# भोजपुर में रास्ता विवाद में पांच लोगों की पिटाई:लाठी-डंडे से घर में घुसकर पड़ोसियों ने पीटा; सिर, आंख, हाथ पर आई गंभीर चोट

आरा (भोजपुर),एजेंसी।

भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के फ़रना गांव में रास्ते के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे एवं लोहे एक रॉड से पिता-पुत्र समेत पांच लोगों की बेहरमी से पिटाई कर दी। इस दौरान पड़ोसियों ने घायलों पर जानलेवा हमला किया और दौड़ाड़्दौड़ाकर पिटाई की। इसके बाद अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया और सभी घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में इलाज कराया जा रहा है। घायलों में बड़हरा थाना क्षेत्र के फ़रना गांव निवासी स्व राम नारायण पांडेय के 70 वर्षीय बेटे प्रभुनाथ सिंह उनके 50 वर्षीय बेटे अजय कुमार सिंह,इनके 30 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार सिंह, प्रभुनाथ सिंह 46 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार सिंह एवं उनकी 40 वर्षीय पत्नी चंदा देवी शामिल है। इधर,जख्मी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि कई महीनों से घर के पास रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। जिसकी शिकायत स्थानीय की गई थी। पुलिस ने 16 नवंबर को आने के लिए बोला था।



**घर के बाहर बैठे लोगों की लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी:** इसी बीच उक्त आठ के संख्या में लाठीड्डडंडे से लैस होकर घर पर धावा बोल दिया। घर के बाहर बैठे सभी लोगों की लाठीड्डडंडे से पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद घर में भी घुसकर मारा गया।आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक यअस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए।आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मारपीट के दौरान अन्य ग्रामीणों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया। मारपीट के घटना के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। वही इलाज कर रहे ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि कुछ लोगों के सिर पर गहरा चोट लगा है और कुछ लोगों के शरीर पर चोट के जख्म पाए गए है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है।

# खैरा में टेम्पो-बाइक की टक्कर:एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल; पुलिस ने वाहन जब्त किए

**जमुई,एजेंसी।** जमुई जिले के खैरा-सोनो मुख्य मार्ग (NH-333) पर नौडीहा के पास शनिवार सुबह करीब 8 बजे एक टेम्पो और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में शेखपुरा जिले के ओकसी गांव निवासी 27 वर्षीय प्रदीप शर्मा की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक सुजय कुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से जमुई सदर अस्पताल भेजा गया था, जहां इलाज के दौरान प्रदीप शर्मा ने दम तोड़ दिया। सुजय कुमार शर्मा का इलाज जारी है।



**पूजा के लिए जाते समय हुआ हादसा:** जानकारी के अनुसार, दोनों युवक झुमराज स्थान पूजा करने जा रहे थे। नौडीहा के करीब पहुंचने पर अचानक टेम्पो और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

**हादसे के बाद अफरा-तफरी, ग्रामीणों ने की मदद:** दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**मृतक के परिवार में मातम:** मृतक प्रदीप शर्मा के परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य बताई जा रही है। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में दुख का माहौल है।

# मारपीट-छिनतई का आरोपी गिरफ्तार: जाले पुलिस ने बसैठा बाजार से पकड़ा

**दरभंगा,एजेंसी।** दरभंगा जिले के जाले थाना पुलिस ने कांड संख्या 161/25 के प्राथमिकी अभियुक्त पंकज साह को गुरुवार को बसैठा बाजार से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पंकज साह बेनीपट्टी के लरूगामा गांव निवासी राम इकबाल साह का पुत्र है। उसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

थाना प्रभारी संदीप कुमार पाल ने बताया कि यह गिरफ्तारी जाले थाना कांड संख्या 161/25 के अनुसंधान के तहत की गई है। इस मामले में सीमावर्ती बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के लरूगामा गांव निवासी विश्वरंजन साह के पुत्र लड्डू कुमार ने जाले थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

लड्डू कुमार ने अपने बयान में बताया था कि बीते 15 अगस्त को वह नवादा बाजार स्थित एक किराना दुकान से खरीदारी करने गए थे। वहां पहले से घात लगाए नवल कुमार, पंकज साह, राम इकबाल साह और श्रवण साह ने लाठी, फरसा, खंती और लोहे के रॉड से उन पर हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। हमलावरों ने उनके गले से सोने की चेन भी छीन ली थी। घटना का कारण टेंड पंडाल व्यवसाय बताया गया था।




वहीं, एक अन्य घटना में जाले थाना कांड संख्या 212/25 की अपहृता को अनुसंधानक पुअनि दिव्यांशु शेखर ने बुधवार को बरामद कर लिया। छापेमारी के दौरान उसे एक गुप्त ठिकाने से खोजा गया। गुरुवार को अपहृता को माननीय न्यायालय में 164 के बयान के लिए भेजा गया।

इस अपहरण के मामले में अपहृता के पिता ने जाले थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने जाले नप क्षेत्र के दर्जी मोहल्ला निवासी मो मोईम के पुत्र सलाम, शमीम काबरी की पुत्री मुस्कान और दाऊद काबरी की पुत्री चांदनी को नामजद किया था।

पिता ने अपनी शिकायत में बताया था कि उनकी 22 वर्षीय पुत्री बीते 29 अक्टूबर की शाम करीब चार बजे घर से डेढ़ लाख रुपए मूल्य के आभूषण और साठ हजार रुपए नकद लेकर भाग गई थी। उन्होंने आशंका जताई है कि नामजद अभियुक्त उनकी पुत्री को किसी सेक्स रैकेट के हाथों बेच सकते हैं।

## बिहटा में ऑटो-पिकअप की टक्कर, 4 लोग घायल :एक की मौत ; पिकअप चालक फरार, 2 को गंभीर हालत में किया गया रेफर



**बिहटा, पटना,एजेंसी।** बिहटा में एक सड़क दुर्घटना में 5 लोग घायल हो गए। घटना आईआईटी अम्हारा थाना क्षेत्र के बिहटा लई रोड के कलीगंज गांव के पास गुरुवार की देर शाम हुई।

घटना में पांच घायलों में से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत इलाज के क्रम में पटना हो गई। मृतक की पहचान बिहटा के आईआईटी अम्हारा थानाक्षेत्र के नथूपुर गांव निवासी 60 वर्षीय बेगम राम के रूप में हुई है।

बताया गया कि एक टेंपो और पिकअप वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे के बाद अफरा-तफरी, ग्रामीणों ने की मदद

टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो में सवार कई लोग उसमें फंस गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को टेंपो से बाहर निकाला गया। उन्हें तुरंत बिहटा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना के बाद पिकअप वैन का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। इधर घटना के बाद कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंचकर पहुंची। फिलहाल, घायलों की पहचान की जा रही है।

**पुलिस पिकअप चालक को खोज रही:** अमहारा थानाध्यक्ष शिवशंकर कुमार ने बताया कि दो लोग काफी गंभीर रूप से घायल थे। उनको इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना के बाद से दोनों वाहनों को जप्त कर लिया गया है। पिकअप चालक फरार है, जिसकी गिरफ्तारी में पुलिस की टीम लग गई है।

## पटना के रेस्टोरेंट में घुसकर रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार-छापेमारी में 4 जिंदा कारतूस मिले, खाने के विवाद में दी थी गोली मारने की धमकी



**पटना,एजेंसी।** पटना के एक रेस्टोरेंट में घुसकर धमकी और रंगदारी मांगने के आरोप में नामजद आरोपी जफर अली और उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 10 अक्टूबर को गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के अनीसाबाद गोलंबर के पास हुई थी।

जफर अली की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी के दौरान 4 जिंदा कारतूस मिले हैं। फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है।

**रेस्टोरेंट में मुफ्त खाना चाहते थे:** अमन सौरव ने बताया कि राज उर्फ मेहताब पुराने कस्टमर के तौर पर थे। उनका कंस्ट्रक्शन का काम चलता है। इसके लिए मेरे रेस्टोरेंट से अपने दफ्तर के कर्मियों के लिए खाना वगैरह मंगाते रहते थे। महीने के आखिरी में जब भी पेमेंट देने की बारी आती थी, टालमटोल करने लगते थे। अक्सर बिल के रुपए लेट कर के देते थे। इस बीच जब उन्हें खाना भेजना बंद कर देते थे तो अक्सर आकर धमकाने लगते थे। स्टाफ से बोलते थे अगर मेरे ऑर्डर को बंद किए तो हर महीने तुम्हारे मालिक को रंगदारी देनी पड़ेगी। इसलिए जैसा बोलता हूं, चुपचाप करते जाओ।

**नामजद समेत 10 से अधिक अज्ञात पर केस दर्ज था:** रेस्टोरेंट की महिलाकर्मी शिवानी कुमारी ने राज उर्फ मेहताब, दानिश, समेत 10 से 15 अज्ञात के खिलाफ रंगदारी मांगने, गोली मारने की धमकी देने और जातिगत तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। जिसके आधार पर 11 अक्टूबर को गर्दनीबाग थाने में सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। जिसमें सभी नामजद आरोपी दिख रहे थे।

**क्या कहती है पुलिस:** गर्दनीबाग थानेदार ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जफर अली नगर इलाके से पकड़ा गया है। इसके पास से 4 कारतूस मिले हैं। अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में कारतूस रखा था। गाड़ी भी जब्त कर ली गई है।

## पटना में डेंगू के 4 स्ट्रेन सक्रिय :आईजीआईएमएस में डेंगू के 70 मरीजों की सीरोटाइप जांच, 15 में दो स्ट्रेन मिले

**पटना,एजेंसी।** आईजीआईएमएस में पिछले दो माह में 70 डेंगू मरीजों की सेरोटाइप जांच की गई। पाया गया कि डेंगू वायरस के कई स्ट्रेन सक्रिय हैं। कई मरीजों में एक साथ दो स्ट्रेन के संक्रमण का भी पता चला है, जिसे विशेषज्ञ गंभीर मान रहे हैं। डेंगू वायरस चार प्रकार के होते हैं–डेन वी–1, डेन वी–2, डेन वी–3 और डेन वी–4। सेरोटाइप डेन वी 1 के 15, डेन वी 2 के 13 और डेन वी 3 के 19 मरीजों की पहचान की गई। 15 मरीजों में मिश्रित सेरोटाइप पाए गए। किसी मरीज को एक सेरोटाइप के बाद दूसरा सेरोटाइप होने पर खतरा बढ़ जाता है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनीष मंडल ने कहा–मिश्रित संक्रमण की वजह से मरीज में लक्षण तेजी से गंभीर हो सकते हैं। प्लेटलेट तेजी से गिरने की आशंका रहती है। लिवर, किडनी और फेफड़ों पर प्रभाव पड़ता है। आईजीआईएमएस में मेडिसिन विभाग के डॉ. गोविंद कुमार ने कहा कि सामान्य तौर पर एक मरीज में दो सेरोटाइप नहीं मिलते, लेकिन इस बार यह पैटर्न देखा जा रहा है। सामान्य तौर पर एक स्ट्रेन वाले मरीज चार–पांच दिन में ठीक होने लगते हैं। मिश्रित सेरोटाइप में अवधि बढ़ जाती है। ऐसे मामलों में मरीजों में जटिलता काफी बढ़ जाती है। यह मरीज के अन्य अंगों को भी प्रभावित करता है।



**पिछले साल से कम मरीज:** इस वर्ष जनवरी से अबतक 1597 मरीज डेंगू मिले हैं। पिछले वर्ष इस अवधि तक 5000 से अधिक मरीज मिल चुके थे। प्रभावित मोहल्लों में लगातार फॉगिंग कराई जा रही है। लोग घर और आसपास पानी जमा न होने दें और मच्छरदानी का उपयोग करें। तेज बुखार, शरीर दर्द या प्लेटलेट कम होने पर तुरंत जांच कराएं।

**15 मरीजों में मिले मिश्रित सेरोटाइप:** डेन वी 1 + 3 ᅳ05
डेन वी 2 + 3 ᅳ03
डेन वी 1 + 4 ᅳ05
डेन वी 1 + 3 ᅳ02

**क्या दर्शाती है यह रिपोर्ट:** पटना में डेंगू वायरस के कई स्ट्रेन एक साथ फैल रहे हैं। संक्रमण का स्वरूप बदल रहा है, जिससे केस गंभीर होने की आशंका बढ़ सकती है। मरीज पहले किसी और सेरोटाइप से संक्रमित था तो अब बीमारी ज्यादा खतरनाक हो सकती है।

स्वास्थ्य विभाग को वायरस ट्रैकिंग और निगरानी बढ़ानी होगी।

गंभीर मरीजों के इलाज के लिए इमरजेंसी टीम बनेगी

एनएमसीएच में आने वाले डेंगू के गंभीर मरीजों के इलाज के लिए इमरजेंसी टीम बनेगी। मेडिसिन विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है। विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इमरजेंसी टीम गंभीर मरीजों का तुरंत इलाज करेगी।

## बाल दिवस पर बच्चों के बीच पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता आयोजित




**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलापुर मठिया में बाल दिवस पर शुक्रवार को बच्चों के बीच पेंटिंग तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 5 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीँ क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।दोनो प्रतियोगिताओं में चयनित दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं को पेन और मेडल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पांडेय ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डाला और बच्चों से कहा कि उनके आदर्श और मूल्य आज भी सभी के प्रेरणा स्त्रोत हैं।मौके पर शिक्षक विजय कुमार साह,धीरज तिवारी अविनाश तिवारी, बलराम यादव, सुनील कुशवाहा अमृता कुमारी सहित कई अन्य ग्रामीण भी थे।

## सामाजिक न्याय अब बिहार की राजनीति में वह चुनावी मुद्दा नहीं रहा, जैसा कभी था !


नीरज कुमार।

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)** एक दौर था जब सामाजिक न्याय एक गंभीर वैचारिक लड़ाई थी। फुले, आंबेडकर, डॉ. राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण और जननायक कर्पूरी ठाकुर ने इस अवधारणा को जन्म देकर समाज के पिछड़े, वंचित और शोषित वर्ग को आवाज दी। कर्पूरी जी के बाद बिहार में यदि किसी नेता ने सामाजिक न्याय को एक जनांदोलन की तरह आगे बढ़ाया, तो वे थे लालू प्रसाद यादव जी। लालू जी के दौर में सामाजिक न्याय सचमुच सामाजिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर परिवर्तन की ताकत बनने लगा था। आज इसकी रूपरेखा वैसी नहीं बची जैसी मूल विचारधारा थी। जहाँ सामाजिक न्याय का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को ऊपर उठाना था, वहीं अब इसके नाम पर अनावश्यक बयानबाजी और समाज को बाँटने की राजनीति हावी होने लगी है। सबसे चिंताजनक यह कि– सामाजिक न्याय की जगह अब 'स्वर्ण समाज को नीचा दिखाने' या 'गाली देने' जैसी गलत प्रवृत्तियाँ पनपने लगीं। यह न लोहिया की सोच है, न कर्पूरी जी का लोकतांत्रिक रास्ता, न लालू जी के शुरुआती दौर का सामाजिक परिवर्तन।

आज की राजनीति साफ संकेत देती है कि अब वही नेता और पार्टी आगे बढ़ेंगे जो हर वर्ग को साथ लेकर चलेंगे। वोटर आज सम्मान चाहते हैं, न कि संघर्ष या कटुता। सामाजिक न्याय तभी मजबूत होगा जब समाज के हर तबके को बराबरी का स्थान मिले– किसी को अपमानित करके नहीं। राजद ने हमेशा सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी है, लेकिन पार्टी के कुछ प्रवक्ताओं द्वारा स्वर्ण समाज पर की गई तीखी और अपमानजनक टिप्पणियों ने स्थिति को बिगाड़ दिया। इन बयानों ने स्वर्ण समाज को आहत किया और उन्होंने स्वभाविक रूप से राजद से दूरी बना ली। एक राजनीतिक दल के लिए कोई भी वर्ग स्थायी शत्रु नहीं होता–लेकिन गलत भाषा उसे स्थायी दूरी पर ले जाती है।

तेजस्वी यादव जी ने इस चुनाव में बेहद संघर्ष किया।

दिन-रात मेहनत की, सभाएँ कीं, और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में लाने का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। हर सभा, हर भाषण में वे युवाओं की बात को मजबूती से रखते रहे। लेकिन राजनीतिक माहौल, संगठन की कमजोरी, सामाजिक समीकरण और कुछ रणनीतिक गलतियों के कारण वह जीत नहीं मिल सकी जिसकी उम्मीद थी। यह तेजस्वी जी की मेहनत की कमी नहीं–बल्कि ऐसे कई कारकों का योग है जिन पर पार्टी को गंभीरता से आत्ममंथन करना चाहिए। अगर बिहार की राजनीति में सामाजिक न्याय को दोबारा एक मजबूत विचारधारा बनाना है, तो उसे अपनी मूल सोच–सम्मान, समानता और न्याय–की तरफ वापस ले जाना होगा। किसी भी वर्ग का अपमान सामाजिक न्याय नहीं है, और न ही इस राजनीति से स्थायी समर्थन मिल सकता है। आज का समय भाईचारा, सम्मान और सबको साथ लेकर चलने की राजनीति का है–और बिहार इसी बदलाव की ओर बढ़ रहा है।

# सारण में 10 विधानसभा सीटों में 7 सीटों पर एनडीए की प्रचण्ड जीत, 3 महागठबंधन के खाते में

### छपरा से बीजेपी की छोटी कुमारी ने राजद के खेसारीलाल यादव को हरा कर जीत का परचम लहराया

- अमनौर से मंत्री व बीजेपी प्रत्याशी कृष्ण कुमार सिंह मंटू और तरैया से बीजेपी के जनक सिंह जीते
- वहीं मढ़ौरा से पूर्व मंत्री व राजद प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार राय और गड़खा से पूर्व मंत्री व राजद प्रत्याशी सुरेंद राम अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे

**रंजन श्रीवास्तव।**



**दैनिक खोज खबर/तरैया/छपरा (सारण)।** बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला। चुनावी परिणाम आते ही कार्यकर्ता खुशी से जीत के नारे लगाने लगे और आतिशबाजी कर खुशियों का इजहार किए। इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में सारण के 10 विधानसभा सीटों में से 7 सीट एनडीए के खाते में आई। जबकि 3 सीट महागठबंधन के खाते में गई। कई सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर रही और अंत-अंत तक एनडीए ने 7 सीटों पर अपनी प्रचंड जीत का परचम लहराया। जबकि मात्र 3 सीट पर ही महागठबंधन के प्रत्याशियों ने अपनी जीत हासिल की। अगर हम एक बार पूरे चुनाव परिणाम की बात कर ले तो जिले के छपरा विधानसभा सीट से बीजेपी की छोटी कुमारी ने भोजपुरी के ट्रेंडिंग स्टार व महागठबंधन प्रत्याशी खेसारी लाल यादव को हराकर राजनीतिक में बड़ा उल्लेख फेर कर दिया। भाजपा के परंपरागत सीट कहे जाने वाला छपरा विधान सभा इस बार खेसारी लाल यादव के कारण सुर्खियों में था, लेकिन खेसारी लाल यादव को यहां भारी शिकस्त मिली। वहीं मांझी विधानसभा सीट से जदयू के रणधीर सिंह ने सीपीआई के डॉक्टर सत्येंद्र यादव को भारी मतों के अंतर से शिकस्त दिया। जबकि बनियापुर विधानसभा सीट से भाजपा के केदारनाथ सिंह ने राजद के चांदनी सिंह को भारी मतों से हरा दिया। वहीं तरैया विधानसभा सीट से भाजपा के जनक सिंह ने राजद के शैलेंद्र प्रताप सिंह को चुनावी मैदान में बहुत कम मार्जिन से हरा कर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कराया। इधर अमनौर विधानसभा सीट से मंत्री कृष्ण कुमार सिंह मंटू ने करें मुकाबले में राजद के सुनील राय को पछाड़ा। जबकि एकमा विधानसभा सीट से जदयू उम्मीदवार धूमल सिंह ने राजद प्रत्याशी श्रीकांत यादव को हराया। वहीं सोनपुर विधानसभा सीट से भाजपा के विनय सिंह ने राजद के रामानुज प्रसाद को शिकस्त दी। जबकि राजद के दबदबा वाले मढ़ौरा विधानसभा सीट पर पूर्व मंत्री व राजद के जितेंद्र राय ने जन सुराज के अभय सिंह को हराकर लगातार चौथी बार अपनी जीत का परचम लहराया। मढ़ौरा में एनडीए के एलजेपी आर प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन पत्र रद्द हुआ था और निर्दलीय प्रत्याशी अंकित कुमार को एनडीए ने अपना समर्थन दिया था।वही गरखा विधानसभा सीट से राजद के सुरेंद्र राम ने लोजपा के सीमांत मृणाल को चनावी मैदान में पटकनी दिया। जबकि परसा विधानसभा सीट से राजद की डॉक्टर करिश्मा राय ने जदयू के छोटेलाल राय को हराकर सारण की राजनीति में एक नया समीकरण और एक नए चेहरे के रूप में नया संदेश दिया। बता दें कि इस पूरे चुनाव में मोदी-नीतीश फैक्टर काम करते दिखाई दिया। पीछ्ले 2020 के चुनाव में सारण के 7 सीटों पर महागठबंधन प्रत्याशी जीते थे, जबकि इस बार एनडीए के साथ प्रत्याशियों नको जीत हासिल हुई है। नीतीश कुमार की खास पकड़ वाली महिला वोटरों का एनडीए को खूब समर्थन मिला है। जिसका नतीजा है कि पूरे बिहार में एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ इतनी बढ़त बनाने में कामयाब हुई हैं।

**यहां देखे किसको कितना वोट मिला, कौन जीते एवं कौन हारे......**

118 छपरा विधानसभा =
छोटी कुमारी, भाजपा- 86839
खेसारी लाल यादव, राजद- 79245
अंतर- 7594 (भाजपा जीती)

114:मांझी विधानसभा =
रणधीर सिंह -जदयू 68455
डा.सत्येंद्र कुमार यादव -58668
अंतर- 9787 (जदयू जीती)

113: एकमा विधानसभा =
मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह,जदयू- 84077
श्रीकांत यादव, राजद- 61369
अंतर- 22708 (जदयू जीती)

115: बनियापुर विधानसभा =
केदारनाथ सिंह, भाजपा-95606
चांदनी देवी, राजद- 80170
अंतर- 15436 (भाजपा जीती)

116:तरैया विधानसभा =
जनक सिंह, भाजपा- 85401
शैलेंद्र प्रताप, राजद- 84070
अंतर-1331(भाजपा जीती)

117:मढ़ौरा विधानसभा -
जितेंद्र राय राजद- 86118
अभय सिंह,जन सुराज- 58190
अंतर-27928 (राजद जीती)

119ङ्कगड़खा विधानसभा =
सुरेंद्र राम, राजद- 91134
सीमांत मृणाल, लोजपा (रा)-78330
अंतर -12804 (राजद जीती)

120:अमनौर विधानसभा =
कृष्ण कुमार मंटू,भाजपा-75525
सुनील कुमार,राजद-71717
अंतर- 3808 (भाजपा जीती)

121:परसा विधानसभा =
करिश्मा राय,राजद- 89093
छोटे लाल राय, जदयू- 63321
अंतर -25772 (राजद जीती)

122:सोनपुर विधानसभा =
विनय सिंह, भाजपा- 90842
डा. रामानुज प्रसाद,राजद-86075
अंतर- 4767 (भाजपा जीती)


चुनाव परिणाम पक्ष में आने पर विजयी मुद्रा में विक्ट्री दिखाती छपरा की भाजपा प्रत्याशी छोटी कुमारी


जीत का प्रमाण पत्र लेते मांझी से जेडीयू के प्रत्याशी रणधीर सिंह



जीत का प्रमाण पत्र हासिल करते बनियापुर से भाजपा प्रत्याशी केदारनाथ सिंह


जीत का प्रमाण पत्र हासिल करते पूर्व मंत्री व गड़खा से राजद प्रत्याशी सुरेंद्र राम


जीत के बाद मां का आशीर्वाद प्राप्त करते पूर्व मंत्री व मढ़ौरा से राजद प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार राय

## एनडीए की शानदार जीत पर सांसद सिग्रीवाल ने कार्यकर्ताओ को मिठाईयां खिलाकर किया खुशी का इजहार



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत पर सांसद सिग्रीवाल ने अपने आवास पर एन डी ए कार्यकर्ताओं को मिठाईयां खिलाकर बधाइयां दी व अपनी खुशी का इजहार किया।सभी को बधाई व शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि यह जीत विकास की जीत है,यह जीत नरेंद्र मोदी पर विश्वास की जीत है। यह नरेंद्र मोदी और नीतीश की जोड़ी की जीत है। लोगों ने विकास को वोट दिया है।जिस तरह से यह जोड़ी और गठबंधन विकास को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम किया है। लोगों का अटूट विश्वास एनडीए को भारी जीत की ओर अग्रसर किया है।जिस तरीका से महागठबंधन का सुपरा साफ हुआ है।वे विश्वास का पात्र न जनता में थे ना समाज के थे। उनकी कथनी और करनी मे ना कोई मुद्दा था। इनके दो राजकुमारों ने एक मुद्दा उठाने का प्रयास किया,एस आई आर का। इसमे उन्होंने बिहार को मोटरसाइकिलो व गाड़ियों से रौंदने का प्रयास किया है।इन लोगों ने लोगों को भ्रमित करने का कार्य किया।लोगों ने भी उनके भ्रम को दूर कर दिया।लोगों ने विकास को तरजीह दिया और विकास को अपनाया। मोदी और नीतीश को अपनाया। आज भारी भरकम जनादेश देकर लोगों ने यह दर्शा दिया है कि लोगों को विकास चाहिए।उन्होंने बिहार के मतदाताओं को हृदय से बधाई दिया। उन्होंने कहा कि सारण के मतदाताओं को विशेष तौर पर महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के, जहां लोगों ने सभी सीटों पर एनडीए गठबंधन को जिताया है और महागठबंधन का सुपरा साफ करने का काम किया है। मैं बिहार के देवतुल्य मतदाताओं को हृदय से बधाई देता हूं। इसके पहले कार्यकर्ताओ ने मोदी, नीतीश, राजनाथ, अमित शाह जिंदाबाद के नारे लगाए और एक दूसरे मिठाइयां खिलाई।मौके पर सारण जिला भाजपा पश्चिमी के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश तिवारी, युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल,भाजपा जिला मंत्री गुड्डू चौधरी,सारण जिला भाजपा पश्चिमी के सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष कुश पांडेय, ढनमन सिंह, नीलेश सिंह पंकज सिंह,विजय कुमार सिंह सहित क ई अन्य भी थे।

## तरैया में कांटे की टक्कर के बीच 1539 मतों से बीजेपी के जनक सिंह चुनाव जीते

### विकास की पथ पर यह तरैया की आम अवाम की जीत है– जनक सिंह



**रंजन श्रीवास्तव, तरैया (सारण)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम शुक्रवार की संध्या अंतिम समय तक सभी विधानसभा से आ गए। इसी क्रम में सारण के तरैया विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के उम्मीदवार रहे जनक सिंह ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। जबकि वे चौथी बार विधायक बने हैं। जनक सिंह पहली बार 2005 में चुनाव जीते थे, लेकिन विधानसभा भंग होने के कारण पुनः नम्बर 2005 में चुनाव कराया गया, जिसमें उनको हार का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद वे 2010 में पुनः चुनाव जीत गए और तरैया का विधायक बने। लेकिन 2015 के चुनाव में उनको करारी हार मिली। जबकि 2020 में फिर वे चुनाव जीत गए और तरैया का विधायक बने। लेकिन 2025 में भी जनता ने फिर अपना बहुमत देकर पुनः एक बार फिर तरैया का नेतृत्व करने का उनको मौका दिया है। वहीं अपनी जीत को लेकर जनक सिंह ने कहा कि विकास के पथ पर लगातार तरैया से दूसरी बार जीत यह तरैया की आम आवाम की जीत हैं। तरैया में लगातार 5 वर्षो तक किए गए विकास कार्यो को जनता ने देखा और अपना भरपूर आशीर्वाद देकर पुनः मुझे तरैया का नेतृत्व करने मौका दिया हैं। जनता ने मुझे जिस विश्वास और आशा से जीत का मौका दिया है, मैं उनके विश्वासों पर हर संभव खड़ा उतारूंगा। आगे उन्होंने बिहार में एनडीए की प्रचंड बहुमत मिलने पर कहा कि इस बार बिहार में मोदी-नीतीश की जोड़ी को लोगों ने खूब पसंद किया है। यही कारण है कि बिहार में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला है। बिहार की जनता ने बिहार को विकास के पथ पर ले जाने के लिए एनडीए को पूर्ण बहुमत से जिताया है।

**तरैया में हार-जीत का आखिर क्या रहा फैक्टर :**शुक्रवार को शुरू हुई मतगणना को लेकर सुबह से ही रुझान आने लगे। प्रथम राउंड में तो बीजेपी उम्मीदवार जनक सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे महागठबंधन प्रत्याशी शैलेंद्र प्रताप सिंह से पीछे चल रहे थे। लेकिन दूसरे राउंड के बाद लगातार जनक सिंह 14वे, 15वे में राउंड तक आगे चलने लगे। लेकिन पुनः 16वे, 17वें राउंड में वह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शैलेंद्र प्रताप सिंह से पीछे चलने लगे। जबकि महागठबंधन और एनडीए प्रत्याशियों के रूझानों को लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी और गम का माहौल बदलते रहा। तो वही संध्या 4ः00 बजे के करीब में 20वे राउंड में एनडीए प्रत्याशी जनक सिंह ने पुनः बढ़त बना लिए और अंतिम 26वे राउंड में जाकर जनक सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शैलेंद्र प्रताप सिंह को 1539 मतों से मात देते हुए आगे निकल गए और तरैया विधानसभा क्षेत्र पर अपनी जीत का परचम लहराने लगे। परिणाम को लेकर चुनावी गणितज्ञों का कहना है कि तरैया का यह परिणाम कोई हैरान करने वाली नहीं है। महागठबंधन के प्रत्याशी रहे शैलेंद्र प्रताप सिंह मात्र 1539 मतों से चुनाव हार गए। जबकि बीजेपी प्रत्याशी जनक सिंह चुनाव जीत गए। तरैया में कुल 64त्न मतदान हुए थे, इस दौरान महागठबंधन प्रत्याशी शैलेंद्र प्रताप सिंह और एनडीए प्रत्याशी जनक सिंह अपने-अपने वोटरों को अपने पक्ष में करने में काफी सफल भी हुए। महागठबंधन ने जहां एमवाई समीकरण को अपने पक्ष में करने के लिए तेजस्वी की जनसभाएं तथा भोजपुरी के ट्रेंडिंग स्टार खेसारी लाल यादव का रोड-शो कराया। जबकि राजपूत वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। वहीं बीजेपी ने गृहमंत्री अमित शाह, चिराग पासवान एवं रवि किशन समेत ततम बड़े-बड़े नेताओं ने जनसभाएं की तथा छपरा सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने रोड-शो किया। लेकिन अगर पूरे बिहार के परिणाम को लेकर देखा जाए तो बिहार में नीतीश मोदी की जोड़ी और नीतीश की खास पकड़ वाली महिला वोटर इस बार एनडीए को अपनी पूर्ण समर्थन दिया है और पूर्ण बहुमत से चुनाव भी जिताया है।



# बाल दिवस पर मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित, अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित




**दैनिक खोज खबर/एकमा/मांझी(सारण)।** रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल, नचाप में बाल दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी सह मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति की गई। समारोह की शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन परमेश्वर सिंह ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के प्रति उनके लगाव एवं लोकप्रियता को रेखांकित करते हुए उन्हें चाचा नेहरू के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त करने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

इस दौरान आयोजित अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में आगत अभिभावकों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य दशरथ साह ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक राकेश कुमार सिंह एवं संचालन संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को प्रगति पत्रक व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों से छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन स्कूल भेजने व बदलते मौसम में उनके स्वास्थ्य एवं परिधान का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई।

वहीं कार्यक्रम में मौजूद रुचि सिंह, हरिशंकर गुप्ता, मुकेश्वर कुमार सिंह, साक्षी सिंह आदि अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे शिक्षक व अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है।

समारोह को सफल बनाने में स्कूल के प्राचार्य दशरथ साह, शिक्षक-शिक्षिकाओं क्रमशः वीर सिंह राजपूत, सूरज कुमार शर्मा, ममता, गायत्री कुमारी, ब्रजेश कुमार सिंह, ज्योति यादव, महमूद आलम, संतोष कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार यादव, मोहम्मद नईम खान, बसंत कुमार राय, मनोरमा कुमारी, संतोष कुमार ठाकुर, तेजप्रताप सिंह, निकिता कुमारी, प्रिंस कुमार, अरविंद श्रीवास्तव, चंदन पंडित, अर्जुन राय, विक्की कुमार सिंह, मल्लिकार्जुन कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, अतुल तिवारी, शैलेश कुमार महतो, अंजलि भारद्वाज, पूजा सिंह, संतोष कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सुहानी सिंह, नुपुर श्रीवास्तव, नैन्सी कुमारी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# विधानसभा के लिए प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में ससमय शुरू हुई पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त विगत छह नवंबर को पहले चरण में डाले गए वोटों की गिनती शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयानुसार सुबह आठ बजे संबंधित विधानसभा के लिए प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में सबसे पहले पोस्टल बैलेट से डाले गए वोटों की गिनती शुरू हुई। वहीं करीब आधे घंटे की देरी से इवीएम में पड़े मतों की गिनती प्रारंभ की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने बताया कि जिले के सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों में पड़े मतों की गणना के लिए विधान सभावार काउंटिंग हाल बनाया गया था। वहीं एक हाल में कुल 14 टेबल लगाए गए थे। जहां चरणबद्ध तरीके से मतों की गणना की प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता के साथ पूरी की गई। बताया कि शहर के डीएवी कालेज में 105 सिवान सदर विधानसभा, 107 दरौली विधानसभा, 108 रघुनाथपुर विधानसभा, 109 दारौंदा विधानसभा व 110 बड़हरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पड़े मतों की गिनती को लेकर व्यवस्था की गई थी। वहीं 106 जीरादेई विधानसभा, 111 गोरेयाकोठी विधानसभा व 112 महाराजगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए डीएवी हाईस्कूल सह राजकीय इंटर कालेज में मतगणना की प्रक्रिया पूरी की गई।

**विधानसभावार कई चक्र में पूरी की गई मतगणना की प्रक्रिया** -प्राप्त जानकारी के अनुसार 105 सिवान सदर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 359 मतदान केंद्रों पर पड़े मतों की गिनती 26 राउंड में पूरी की गई। वहीं 106 जीरादेई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 317 बूथों पर पड़े मतों की गणना 23 राउंड, 107 दरौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 375 बूथों पर पड़े मतों की गिनती 27 चक्र, 108 रघुनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 345 मतदान केंद्रों पर पड़े मतों की गणना 25 चक्र, 109 दारौंदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 382 बूथों पर पड़े मतों की गणना 28 राउंड में पूरी की गई। इसके अलावा 110 बड़हरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 361 बूथों पर पड़े मतों की गणना 26 राउंड, 111 गोरेयाकोठी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 398 मतदान केंद्रों पर पड़े मतों की गणना 29 चक्र तथा 112 महाराजगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 371 मतदान केंद्रों पर पड़े मतों की गणना की प्रक्रिया 27 राउंड में पूरी करा दी गई।

## एनडीए की प्रचण्ड जीत, विकास और विश्वास की जीत है - महाचन्द्र प्रसाद सिंह

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार में एनडीए को अपार बहुमत मिलने पर पूर्व मंत्री डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने राज्य की जनता, विशेषकर महिला और युवा मतदाताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकासवादी सोच की जीत है, जिसने बिहार को देश में नई पहचान और नई दिशा दी है। डॉ. सिंह ने कहा कि इस चुनाव में जनता ने स्पष्ट किया है कि वह सुशासन और प्रगति चाहती है। महिलाओं की बड़ी भागीदारी और युवाओं का उत्साह इस जनादेश की असली ताकत रहा है। उन्होंने बताया कि यह भरोसा सिर्फ किसी गठबंधन पर नहीं, बल्कि बिहार के बेहतर भविष्य पर किया गया विश्वास है। उन्होंने आगे कहा कि नई एनडीए सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क-बुनियादी ढांचा, रोजगार और गाँवों के समग्र विकास पर तेजी से काम करेगी। केंद्र और राज्य की संयुक्त विकास-दृष्टि से आने वाले समय में योजनाओं का असर सीधे जनता तक पहुँचेगा।डॉ. सिंह ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास की जीत है। जनता की उम्मीदें हमारा संकल्प हैं। महिलाओं और युवाओं की यह भूमिका बिहार को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। हम सब मिलकर एक सुरक्षित, स्थिर और विकसित बिहार का निर्माण करेंगे।

## रजौली में चल रहा प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर, बच्चे सीख रहे प्राथमिक उपचार और गांठ विद्या का गुर

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के पत्र के आलोक में भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में उच्च माध्यमिक विद्यालय कामता (रजौली) में चल रहे प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को प्राथमिक उपचार, गांठ विद्या एवं स्काउटिंग के विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया।शिविर के दौरान प्रशिक्षकों ने बच्चों को दुर्घटना के समय त्वरित प्राथमिक उपचार, विभिन्न प्रकार की गांठें बांधने की विधियाँ तथा टीम भावना के महत्व की जानकारी दी। मौके पर प्राचार्य चंदन कुमार सिंह, स्काउट मास्टर राहुल कुमार पाण्डेय, गाइड कैप्टेन सीता कुमारी ठाकुर, शिक्षक अमरनाथ सोनी, रोहित रंजन, दीपक कुमार, अंकित कुमार, महेश राय, रामकुमार राम, नागेंद्र विश्वकर्मा, एवं अजय प्रसाद उपस्थित रहे।

